Seat No. : _______________

# JJ-101 (H)

**June-2022**
**B.Com., Sem.-II**
**CE-102 (A) : Financial Accounting - II**

**Time : 2 Hours]** **[Max. Marks : 50**

**(Hindi Version)**

**विभाग – I**

**सूचना :** विभाग-**I** में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

1. (A) नीचे दिए गए व्यवहारों का रोजनामचा लिखिए : **6**

(1) कंपनी की अंश पूँजी प्रत्येक ₹ 100 का, ऐसे 55,500 समता अंशों की बनी हुई है । कंपनी ने इन अंशों को प्रत्येक ₹ 10 के समता अंशों एवं प्रत्येक ₹ 10 के 15% अधिमान अंशों में 3 : 2 के अनुपात में उप-विभाजित करने का निर्णय लिया है ।

(2) एक कंपनी के प्रत्येक ₹ 100 के 37,500 समता अंशों का, प्रत्येक ₹ 10 के 3,75,000 समता अंशों में उप-विभाजन किया गया ।

(3) एक कंपनी प्रत्येक ₹ 100 का ऐसे पूर्ण प्रदत्त 2,500 समता अंशों को निम्न शर्तों के आधार पर समता स्टॉक में रूपांतरित करने का निर्णय लिया :

(a) प्रत्येक अंश ₹ 110 की कीमत पर (b) प्रत्येक अंश ₹ 95 की कीमत पर

(B) पी.एम. कंपनी लिमिटेड की निर्गमित पूँजी प्रत्येक ₹ 10 के ₹ 5,00,000 के अंशों में विभाजित है । प्रत्येक अंश पर ₹ 8 याचित एवं प्रदत्त हैं । अनामत कोष में से ₹ 1,97,500 की रकम को पूँजीकृत किया गया एवं उस रकम में से डिरेक्टर्स को यह सत्ता दी गई थी कि उसे निम्नानुसार उपयोग करना है : **6**

(1) अंशों को पूर्ण-प्रदत्त बनाने के लिए बोनस लाभांश घोषित करना है ।

(2) हर चार समता अंशों पर एक बोनस अंश, प्रत्येक अंश पर ₹ 5 के प्रीमियम पर देना है ।

कंपनी की पुस्तकों में आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए ।

(C) निधि लिमिटेड का ता. 31-3-2022 की कच्चा तलपट के कुछ शेष निम्नानुसार हैं : **8**

| विवरण | रकम (₹) |
|---|---|
| समता अंश पूँजी (20000 अंश, प्रत्येक ₹ 10 का) | 2,00,000 |
| मोचनीय अधिमान अंश पूँजी (5000 अंश, प्रत्येक ₹ 10 का, प्रति अंश ₹ 8 प्रदत्त) | 40,000 |
| सामान्य अनामत | 40,000 |
| प्रतिभूति प्रीमियम | 5,000 |
| बैंक सिलक | 1,00,000 |

कंपनी कानूनी प्रावधानों का पालन करते हुए अधिमान अंशों को 5% प्रीमियम से मोचन करने का निर्णय करती है । इसके लिए आवश्यक रकम के नए समता अंश लागत कीमत पर निगर्मित किये गए । हिसाबी पुस्तकों में नए अंशों के निगर्मन एवं अधिमान अंशों के मोचन की आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए ।

2. (A) शिव कंपनी लि. ने ₹ 10 का एक ऐसे 10,00,000 समता अंश 50% प्रीमियम पर सार्वजनिक जनता के लिए निर्गमित किए । संपूर्ण निर्गमित अंशों की हामीदारी रघुपति, राघव, राजा एवं राम ने निम्न रूप से दी : **14**

रघुपति : 30%, राघव : 30%, राजा : 20% , राम : 20%

हामीदारों ने निश्चित हामीदारी (उत्तरदायित्व) के लिए निम्न रूप से आवेदन किया :

रघुपति : 25,000, राघव : 25,000, राजा : 25,000, राम : 25,000

निश्चित हामीदारी के अलावा परंतु चिह्नित आवेदनों सहित, कुल 6,00,000 समता अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । चिह्नित आवेदन निम्नानुसार थे :

रघुपति : 1,80,000, राघव : 1,00,000, राजा : 1,00,000, राम : 40,000

ऐसा निर्णय लिया गया के हामीदारों को निर्गमित मूल्य पर 5% हामीदारी कमिशन के रूप में देना है । प्रत्येक हामीदार के कमिशन की गणना कीजिए एवं हामीदारों का उत्तरदायित्व निश्चित कीजिए यदि,

(1) हामीदारों को निश्चित हामीदारी के लिए कोई रकम जमा न मिले तो ।

(2) हामीदारों को निश्चित हामीदारी के लिए कोई रकम जमा मिले तो ।

(B) निम्न में से किसी **एक** का उत्तर दीजिए : **6**

(1) हामीदारी के लाभ बताइए ।

(2) चिह्नित आवेदन अर्थात् क्या ? समझाइए ।

3. (A) पूँजी के पुन: रचना के लिए निम्न योजना को मंजूरी दी गई थी : **14**

भारत लिमिटेड का ता. 31-3-22 का आर्थिक चिट्ठा निम्नानुसार है :

| दायित्व | ₹ | संपत्ति | ₹ |
|---|---|---|---|
| प्रत्येक ₹ 10 के समता अंशों की अंश पूँजी | 8,00,000 | ख्याति | 60,000 |
| 10% अधिमान अंश, प्रत्येक ₹ 100 का | 2,00,000 | जमीन एवं मकान | 5,50,000 |
| 12% डिबेंचर्स | 2,50,000 | मशीनरी | 1,80,000 |
| डिबेंचर पर चुकाना बाकी ब्याज | 50,000 | विनियोग | 70,000 |
| लेनदार | 2,00,000 | स्टॉक | 80,000 |
| आकस्मिक दायित्व : | | देनदार | 1,20,000 |
| कंपनी के विरुद्ध दावे की रकम ₹ 30,000 | | बैंक सिलक | 1,50,000 |
| | | प्राथमिक खर्च | 80,000 |
| | | लाभ–हानि खाता | 2,10,000 |
| **कुल** | **15,00,000** | **कुल** | **15,00,000** |

(1) अधिमान अंशों की कीमत प्रति अंश ₹ 60 तक कम की गई ।

(2) समता अंशों की कीमत में प्रति अंश ₹ 5 की कमी की गई ।

(3) डिबेंचर धारकों ने उनकी लेनी बाकी निकलती ब्याज की रकम को छोड़ दिया एवं जमीन का टुकड़ा, जिसकी कीमत ₹ 2,00,000 थी, उस जमीन को ₹ 1,80,000 में पार्ट–पैमेन्ट के रूप में स्वीकार किया ।

(4) शेष जमीन एवं मकान की कीमत ₹ 2,70,000 आंकी गई ।

(5) विनियोगों के विक्रय से ₹ 90,000 प्राप्त हुए ।

(6) पुन:रचना का खर्च ₹ 40,000 हुआ ।

(7) कंपनी ने देय दावे के लिए रकम चुकाने का निर्णय लिया ।

(8) पुस्तकों में दर्शायी गई सभी अदृश्य एवं अवास्तविक संपत्तियों को अपलिखित किया गया ।

(9) लेनदारों में से ₹ 1,00,000 के लेनदारों को ₹ 80,000 चुकाकर, खाता पूर्ण चुकता किया ।

कंपनी की पुस्तकों में आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए ।

(B) किसी **एक** का उत्तर दीजिए : **6**

(1) अंश पूँजी में कमी करने की विधियाँ लिखिए ।

(2) अश पूँजी में बदलाव के संबंधित टेबल 'A' के प्रावधानों जानकारी दीजिए ।

4. (A) पी.एम. इन्श्योरेंस कंपनी लिमिटेड का ता. 31-3-22 के दिन पूरे होने वाले वर्ष के लिए, आग एवं समुद्री बीमा विभाग की जानकारियाँ निम्नानुसार हैं : **14**

| विवरण | आग विभाग (₹) | समुद्री विभाग (₹) |
|---|---|---|
| प्राप्त प्रीमियम | 22,00,000 | 45,70,875 |
| मिलना बाकी प्रीमियम : | | |
| ता. 31-3-21 | 1,50,000 | 10,00,000 |
| ता. 31-3-22 | 4,50,000 | 4,29,125 |
| चुकाये गए दावें | 25,00,000 | 35,80,725 |
| चुकाना बाकी दावें | | |
| ता. 31-3-21 | 2,00,000 | 6,00,000 |
| ता. 31-3-22 | 7,50,000 | 2,19,275 |
| भविष्य में अनिश्चितता के लिए अनामत (31-3-2021) | 8,00,000 | 27,00,000 |
| अतिरिक्त अनामत (31-3-2021) | 1,50,000 | 2,00,000 |
| कमिशन | 5,50,000 | 6,50,000 |
| स्वीकृत पुन:बीमा पर कमिशन | 60,000 | 1,80,000 |
| अर्पित पुन:बीमा पर कमिशन | 1,10,000 | 3,30,000 |
| फर्निचर बिक्री पर नुकसान | 15,000 | 15,000 |
| विनियोग बिक्री पर लाभ | 2,70,000 | 2,50,000 |
| डूबत ऋण | 10,000 | 12,000 |
| आग बुझाने का खर्च | 10,000 | – |
| पुन:बीमा वसूली | 15,00,000 | 15,50,000 |
| स्वीकृत पुन:बीमा प्रीमियम | 8,50,000 | 4,50,000 |
| अर्पित पुन:बीमा प्रीमियम | 3,50,000 | 2,50,000 |
| ब्याज एवं लाभांश | 1,40,000 | 1,60,000 |
| ब्याज एवं लाभांश पर आयकर | 10,000 | 10,000 |
| नो क्लेम बोनस | 8,000 | 10,000 |
| अन्य आय | 5,00,000 | 5,60,000 |
| डूबत ऋण वापसी | – | 50,000 |

अतिरिक्त जानकारी निम्न प्रकार है :

(1) बीमा कंपनी के नियमानुसार भविष्य की अनिश्चितता के लिए अनामत रखनी है एवं प्रति वर्ष अतिरिक्त अनामत में शुद्ध प्रीमियम की 10% से वृद्धि करनी है ।

(2) ₹ 7,20,000 के संचालकीय खर्चों को आग एवं समुद्री विभाग में, उनके प्राप्त शुद्ध प्रीमियम के अनुपात में विभाजित करना है ।

ता. 31–3–22 को समाप्त होते वर्ष के लिए दोनों विभागों के आय के खाते बनाइए ।

(B) किसी **एक** का उत्तर दीजिए : **6**

(1) स्वीकृत पुन:बीमा एवं अर्पित पुन:बीमा

(2) 'भविष्य की अनिश्चितता के लिए अनामत' एवं 'नो क्लेम बोनस'

## विभाग – II

5. योग्य विकल्प चुनकर किन्हीं **पाँच** का उत्तर दीजिए : **10**

(1) सामान्य बीमा ______ के विरुद्ध रक्षण प्रदान करता है ।

(A) व्यक्ति को आग से हुए नुकसान

(B) व्यक्ति को समुद्री प्रवास के दौरान हुए नुकसान

(C) माल–सामान एवं संपत्ति को आग एवं समुद्र प्रवास के दौरान हुए नुकसान

(D) उपर्युक्त सभी

(2) अर्पित पुन:बीमा अर्थात् ______

(A) दूसरी कंपनी का स्वीकृत बीमा (B) प्राप्त दावे

(C) दूसरी कंपनी को दिया गया बीमा (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(3) जब प्रतिभूति प्रीमियम की रकम अपलिखित की जाती है, तब पूँजी घटाव कोष की रकम में ______ होती है ।

(A) वृद्धि (B) कमी

(C) कभी–कभी वृद्धि (D) परिवर्तन नहीं होता

(4) ₹ 750 का एक, ऐसे डिबेंचर पर मिलने योग्य अधिक से अधिक हामीदारी कमिशन की रकम है :

(A) ₹ 18.75 (B) ₹ 37.50 (C) ₹ 18.57 (D) ₹ 35.05

(5) ₹ 10 का एक, ऐसे 10 समता अंशों का ₹ 105 के स्टॉक में रूपांतरण किया जाता है, तब कंपनी की पुस्तकों में

(A) समता स्टॉक खाते में ₹ 105 जमा होंगे । (B) समता स्टॉक पर छूट खाते में ₹ 5 उधार होंगे ।

(C) स्टॉक प्रीमियम खाते में ₹ 5 जमा होंगे । (D) (A) तथा (B) दोनों

(6) आकस्मिक जवाबदारी के भुगतान के समय ______ खाता उधार होगा ।

(A) नकद खाता (B) आकस्मिक जवाबदारी खाता

(C) पूँजी घटाव खाता (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(7) हामीदारी करार ______ के लिए किया जाता है ।

(A) हक के अंशों के निर्गमन (B) अंशों के निजी आबंटन

(C) (A) तथा (B) दोनों (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(8) एक कंपनी सार्वजनिक जनता को अंश आबंटित करने से पहले, किसी मर्चन्ट बैंकर अथवा समर्थक अथवा समर्थकों की सिंडीकेट के साथ कंपनी के सभी अंश खरीद लेने का जो करार करती है, उसे ______ कहा जाता है ।

(A) संपूर्ण बिक्री सौदा (B) स्वेट इक्विटी

(C) बुक बिल्डींग प्रक्रिया (D) अंशों का पुन: क्रय

(9) कंपनी अधिनियम, 2013 की ______ के अनुसार मोचनीय अधिमान अंशों का मोचन, लाभ–हानि खाते के जमा शेष में से किया जा सकता है ?

(A) धारा 55 (B) धारा 56 (C) धारा 57 (D) धारा 58

(10) मोचनीय अधिमान अंशों का मोचन ______ पर नहीं किया जा सकता है ।

(A) लागत मूल्य (B) छूट पर

(C) प्रीमियम पर (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं